डॉ. जी. जवाहर बीईएमएल लिमिटेड में निदेशक (मा.सं.) के रूप में शामिल हुए

डॉ. जी. जवाहर बीईएमएल लिमिटेड में निदेशक (मा.सं.) के रूप में शामिल हुए डॉ. जी. जवाहर ने रक्षा मंत्रालय के अधीन रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम बीईएमएल लिमिटेड के बोर्ड के सदस्य और निदेशक (मा.सं.)का पदभार ग्रहण किया है। बीईएमएल में शामिल होने से पहले, वे पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक थे।

एनएचपीसी लिमिटेड, पावरग्रिड लिमिटेड और पीएफसी लिमिटेड जैसे 3 प्रमुख पावर पीएसयू से मानव संसाधन के विभिन्न पहलुओं में 33 से अधिक वर्षों के अनुभव रखनेवाले एक अनुभवी मा.सं. पेशेवर ने मा.सं. के दीर्घकालिक कामकाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। उनके पास नई नीतियों, रणनीतियों और प्रथाओं को लाने, कैरियर विकास की पहल और प्रशिक्षण आवश्यकताओं को विकसित करने की समृद्ध समझ है।

डॉ. जी. जवाहर के पास व्यवसाय प्रबंधन(मानव संसाधन प्रबंधन)में स्नातकोत्तर, व्यवसायिक प्रबंधनमें स्नातक और विधि की डिग्री है। उन्होंने‘प्रशिक्षण और विकास’ में पीएच.डी.किया गया है।

उनका विवाह श्रीमती सबिता से हुआ है, जो एक गृहिणी हैं और उनका बेटा जे. प्रजीत और बेटी जे. प्रियदर्शिनी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

बीईएमएल के प्रेस विज्ञप्ति **17 जनवरी, 2023**